एक्स पर किए पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि अब रोजाना एक करोड़ से ज्यादा लोग मेट्रो से सफर करते हैं। मेट्रो नेटवर्क के इस विस्तार से उत्पादकता बढ़ रही है और बेहतर अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। पोस्ट के जरिये उन्होंने 2014 से पहले मेट्रो नेटवर्क के विस्तार की गति और पिछले एक दशक में हुए तेज विस्तार की तुलना की।

नीति आयोग के अधिकारियों से मिले

नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नीति आयोग के नए नेतृत्व दल से मुलाकात की।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने उन मुद्दों पर सीधे जानकारी लेने के लिए यह बैठक की, जिन पर आयोग के सदस्य काम कर रहे हैं। बैठक के दौरान नीति आयोग के सदस्यों ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प के दृष्टिकोण के अनुरूप उन मुद्दों और नीतियों पर रूपरेखा प्रस्तुत की, जिन पर वे काम कर रहे हैं।

सिविल सेवा मेन्स का परिणाम जारी

नई दिल्ली, एजेंसी। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने गुरुवार को सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा- 2026 के परिणाम घोषित कर दिए। इस परीक्षा में पास अभ्यर्थी इंटरव्यू के लिए योग्य होंगे।

यूपीएससी ने एक बयान में कहा कि सफल अभ्यर्थियों को अपनी पात्रता और आरक्षण के दावों के लिए प्रमाण-पत्र दिखाने होंगे। साक्षात्कार की तारीखों की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। मुख्य परीक्षा 21 से 30 अगस्त तक आयोजित की गई थी। यूपीएससी आईएएस, आईएफएस, आईपीएस और अन्य सेवाओं के लिए उम्मीदवारों को चुनने के लिए हर साल तीन चरणों में परीक्षा आयोजित करता है।

डॉक्टर को पीटने पर अभिनेत्री गिरफ्तार

कोच्चि, एजेंसी। केरल में एक हैरान करने वाले मामले में मलयालम अभिनेत्री अतुल्या चंद्रा को दो अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उन्होंने एक युवा डॉक्टर को मरीज का इलाज करने के बहाने फ्लैट पर बुलाया और फिर उसकी बेरहमी से पिटाई करवाई।

आरोप है कि अतुल्या ने डॉक्टर को फोन कर बताया कि उनकी मौसी की तबीयत बहुत खराब है और उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत है। उन्होंने डॉक्टर से अपने फ्लैट पर आने का अनुरोध किया। जैसे ही वह अंदर पहुंचा, उसे बाहर जाने से रोक दिया गया और धमकाया गया। चिकित्सक की पिटाई की गई।

देश 30 S

पेपरलीक माफिया को बचा रही आप: भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा ने पंजाब में पीसीएस की मुख्य परीक्षा के नतीजों में कथित अनियमितताओं को लेकर राज्य में सत्तारूढ़ आप पर निशाना साधा। पार्टी ने कुछ अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाने और पेपरलीक माफियाओं को बचाने का भी आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि ऐसे अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिन्होंने परीक्षा के लिए पंजीकरण ही नहीं कराया था और जिनके पास रोल नंबर तक नहीं थे।

ओडिशा के लोगों ने आंध्र के चुनाव में वोट डाले

भुवनेश्वर। ओडिशा के कोरापुट जिले के विवादित कोटिया क्षेत्र के करीब 300 लोगों ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश में हुए ग्रामीण निकाय चुनावों के दौरान मतदान किया। एक दिन पहले ओडिशा पुलिस ने अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित नेरादिवालसा गांव में आंध्र प्रदेश प्रशासन की ओर से बनाए गए मतदान केंद्र को बंद कर दिया था।

अदाणी एनर्जी के जवाब पर दाखिल कीं आपत्तियां

लखनऊ। नोएडा स्थित डाटा सेंटर पार्क के लिए अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस रदेप-इलेवन लिमिटेड (एईएसएसईएल) को विद्युत वितरण लाइसेंस देने के मामले में उपभोक्ता परिषद ने केंपनी के जवाब पर आपत्तियां दाखिल की हैं। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने गुरुवार को राज्य नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार और सदस्य द्वय संजय कुमार सिंह व गिरीश कुमार वैश्य से मुलाकात कर इस संबंध में प्रत्यावेदन सौंपा।

कर्नाटक सरकार ने विशेष पैकेज मांगा

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने प्रधानमंत्री से बेंगलुरु के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए विशेष वित्तीय पैकेज, राज्य के लिए सूखा राहत राशि जल्द जारी करने और गन्ना किसानों की मांगों के समाधान के लिए केंद्र के हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। शिवकुमार ने इसके लिए बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा।

मतदाताओं के नाम दर्ज करने का आदेश

पणजी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को अधिकारियों को गोवा के एक परिवार के छह सदस्यों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी को निर्देश दिया कि वह याचिकाकर्ता परेश सालगांवकर और उनके परिवार के पांच सदस्यों के आवास की पुष्टि के बाद 10 दिन के भीतर उनके नाम सूची में दर्ज करें।

बीमार शरद पवार से मिले प्रफुल्ल पटेल

मुंबई। एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल ने गुरुवार को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती एनसीपी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने अस्पताल में राजनीतिक चर्चा होने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि यह राजनीति पर बात करने की जगह नहीं है। सीने में संक्रमण के चलते 85 वर्षीय शरद पवार को बुधवार को इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

केंद्रीय जेल में लैंगिक भेदभाव रोकने की पहल

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के हस्तक्षेप के बाद हैदराबाद की केंद्रीय जेल में अलग-अलग लैंगिक पहचान वाले लोगों के लिए एक 'जेंडर-न्यूट्रल सेल' बनाया गया है। इसके अलावा, वहां रखे गए लोगों को अपनी लैंगिक पहचान के अनुरूप कपड़े पहनने की भी अनुमति दे दी है। मानवाधिकार आयोग ने एक बयान में कहा कि यह कदम 8 अक्तूबर को जेल के विशेष निगरानी दौरे के बाद उठाया गया है। ये विशेष मॉनिटर ट्रांसजेंडर और एलजीबीटीक्यू समुदाय के अधिकारों से जुड़े मामलों को देखते हैं।

आधार सत्यापन के लिए संस्थाएं जोड़ीं

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने 'आधार' के ऑफलाइन सत्यापन की सुविधा के लिए 300 संस्थाओं को अपने साथ जोड़ा है। इससे पहचान प्रमाण के तौर पर आधार की भौतिक प्रतियां जमा करने की जरूरत कम होने की उम्मीद है। यूआईडीएआई ने एक बयान में कहा कि जनवरी में शुरू होने वाला यह कदम होटल, आतिथ्य, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, आयोजनों, वित्त अर्थव्यवस्था और उपभोक्ता सेवाओं से जुड़े क्षेत्रों में आधार आधारित ऑफलाइन सत्यापन की दिशा में महत्वपूर्ण है।

यूथ कांग्रेस के 300 पदाधिकारी निलंबित

कार्रवाई

- गठबंधन की रैली में गैर हाजिर रहने पर शीर्ष नेता नाराज
- पदाधिकारियों को नोटिस देकर मांगा गया स्पष्टीकरण

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। वोट चोरी के खिलाफ इंडिया गठबंधन की रैली में गैर हाजिर रहने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ भारतीय युवा कांग्रेस ने कार्रवाई की। करीब एक दर्जन राज्यों के तीन सौ से अधिक पदाधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया गया।

यूथ कांग्रेस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि अभी पदाधिकारियों की उपस्थिति की समीक्षा की जा रही है। आने वाले वक्त में कुछ और राज्यों के पदाधिकारियों को निलंबित किया जा सकता है। सभी को नोटिस देकर उनकी गैर हाजिरी के बारे में स्पष्टीकरण मांगा गया है।

पहली बार ऐसा हुआ : यूथ कांग्रेस के इतिहास में पहली बार इस तरह की कार्रवाई की गई है। आईवाईसी अध्यक्ष उदय भानु चिब ने गोदिया से बात करते हुए कहा कि वोट चोरी के खिलाफ रामलीला मैदान में हुई रैली में बड़ी संख्या में युवा आए। कई ऐसे युवा भी थे, जो किसी राजनीतिक दल से संबंधित नहीं थे। चिब ने कहा कि इस सबके बीच कई ऐसे युवा रैली में अनुपस्थित रहे, जो राजनीतिक दल के संगठन से जुड़े हैं। ऐसे में उन लोगों को संदेश देना जरूरी था।

निलंबन पर पुनर्विचार संभव : यूथ कांग्रेस ने उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई कर नोटिस जारी किया है। नोटिस का जवाब मिलने के बाद उनके निलंबन पर पुनर्विचार किया जाएगा। यूथ कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि मप्र, राजस्थान, गुजरात, मुंबई, झारखंड, यूपी (सेंट्रल) और दिल्ली सहित कई अन्य राज्यों के करीब 300 पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अभी और पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। भारतीय युवा कांग्रेस के पूरे देश में 2831 पदाधिकारी हैं। रैली में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए यूथ कांग्रेस ने ऐप के जरिए उपस्थिति दर्ज करनी थी।

मिजोरम समेत छह प्रदेशों में एसएसआर का ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी। निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा-नगर हवेली और दमन-दीव, मिजोरम, ओडिशा और सिक्किम में मतदाता सूचियों के वार्षिक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) की घोषणा की।

इस पुनरीक्षण का उद्देश्य पात्र मतदाताओं, विशेष रूप से युवाओं और पहली बार मतदान करने वाले लोगों को मतदाता सूची में शामिल करना है। आयोग के अनुसार, मतदाता सूचियों का प्रारूप 30 नवंबर को प्रकाशित किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची 21 जनवरी 2027 को प्रकाशित होगी। इस अभियान में उन लोगों को भी पहले से आवेदन की सुविधा मिलेगी, जो 2027 में एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्तूबर को मतदान के योग्य यानी 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेंगे।

आयोग ने कहा है कि दोहराव या एक से अधिक एंट्री से संबंधित मामलों को हटाने के आवेदनों के मामले में क्षेत्रीय सत्यापन अनिवार्य होगा।

अग्निवीर सफल योजना : वैष्णव

जयपुर, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को कहा कि सेना के लिए अग्निवीर योजना सफल पहल है। उन्होंने कहा, सरकार ने रक्षा बलों द्वारा की गई समीक्षा के आधार पर इसमें बदलाव का निर्णय किया है।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, शुरुआत में ही सरकार ने स्पष्ट कहा था कि यह नया प्रयोग है। इसके अनुभव के आधार पर योजना का मूल्यांकन किया जाएगा। इन वर्षों में देखा गया है कि अग्निवीर सफल योजना बनी। रेल मंत्री ने राजस्थान के श्रीगंगानगर में मंगलवार रात अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेल पटरी पर हुए धमाके के बारे में कहा कि मामले की जांच चल रही है और शुरुआती सबूत मिलने के बाद जांच में एनआईए को शामिल करने पर फैसला लेंगे।

रेल मंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह संविधान को कमजोर कर रही है और देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, भाजपा व राजग हमेशा संविधान और लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं, जबकि कांग्रेस संविधान को नुकसान पहुंचाने और अराजकता फैलाने में लगी हुई है।

त्योहारों के लिए 18,000 विशेष ट्रेन चल रहीं



रेल मंत्री ने कहा, इस वर्ष त्योहारी सीजन के दौरान लगभग 18,000 विशेष ट्रेन चलाई जा रही हैं, जबकि पिछले साल लगभग 12,000 ट्रेनें चलाई गई थीं। उन्होंने देश भर के 1,300 रेलवे स्टेशनों के चल रहे पुनर्विकास कार्यों का भी जिक्र किया, जिसमें भविष्य में यात्रियों की जरूरतों, स्थानीय वास्तुकला और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

वैष्णव ने कहा कि दुर्गा पूजा, दीवाली और छठ जैसे त्योहारों के दौरान होने वाली भारी भीड़ को संभालने के लिए विशेष ट्रेन की संख्या बढ़ाई गई है और प्रमुख स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं भी बढ़ाई गई हैं।

कार्यकाल में बढ़ोतरी से होगा बड़ा फायदा

नई दिल्ली, एजेंसी। नौसेना प्रमुख (सेवानिवृत्त) एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने गुरुवार को उस फैसले का स्वागत किया, जिसके तहत चार साल बाद सेवा से बाहर होने वाले 75 प्रतिशत अग्निवीरों को दो साल का अतिरिक्त कार्यकाल दिया जाएगा।

पूर्व नौसेना प्रमुख ने कहा कि इससे हमें प्रशिक्षित जनशक्ति मिलती है, जो हमारे साथ दो और साल तक सेवा दे सकती है। अग्निवीरों के नजरिए से इसे 'दीवाली का तोहफा' बताया।

पायलट ने सरकार पर निशाना साधा

जयपुर, एजेंसी। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने गुरुवार को केंद्र की भाजपा सरकार पर गंभीर नीतिगत फैसले बिना पर्याप्त विचार-विमर्श के लेने और बाद में उन्हें बदलने का आरोप लगाया।

जयपुर में पायलट ने कहा कि कांग्रेस ने अग्निवीर योजना लागू किए जाने के समय ही इसके भविष्य को लेकर सवाल उठाए थे। आशंका जताई थी कि चार साल की सेवा के बाद सेना से बाहर होने वाले युवाओं को निराशा होगी और वे ठगा हुआ महसूस करेंगे।

'सभी अग्निवीर नियमित कैडर में शामिल किए जाएंगे'

नई दिल्ली, एजेंसी। सभी सेवारत अग्निवीरों को छह साल की सेवा पूरी होने के बाद नियमित सैनिक के रूप में शामिल किया जाएगा, वर्गों से सेवा जारी रखने के इच्छुक हों, शारीरिक रूप से फिट हों और अनुशासित हों।

रक्षा अधिकारियों ने गुरुवार को अग्निपथ भर्ती योजना को वापस नहीं लिया गया है। एक रक्षा अधिकारी ने कहा, अब सभी अग्निवीरों को नियमित कैडर में शामिल किया जाएगा। पहले 25 प्रतिशत अग्निवीरों को चार साल की पहली सेवा अवधि पूरी होने के बाद नियमित किया जाएगा, जबकि शेष 75 प्रतिशत को दूसरी सेवा अवधि पूरी होने के बाद बिना किसी सीमा के नियमित कैडर में शामिल किया जाएगा। एक अन्य अधिकारी ने कहा, इसके लिए प्रमुख मानदंड हैं कि अग्निवीर सेवा जारी रखने का इच्छुक हो, शारीरिक रूप से फिट हो और अनुशासित हो। अधिकारियों ने कहा कि अग्निवीरों की वरिष्ठता भी सुरक्षित रखी जाएगी।

ट्रेन का इंजन फेल, परिचालन प्रभावित

शाहजहांपुर, संवाददाता। पटना से फिरोजपुर कैंट जा रही स्पेशल ट्रेन का इंजन फेल होने से गुरुवार को रेल यातायात प्रभावित हो गया। तिलहर और कटरा रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन करीब 90 मिनट तक ट्रैक पर खड़ी रही। अचानक ट्रेन रुकने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान पीछे से आ रही कई ट्रेनों को अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर रोकना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 04615 स्पेशल पटना से चलकर लखनऊ होते हुए बरेली की ओर जा रही थी। तिलहर और कटरा के बीच पहुंचते ही ट्रेन का इंजन खराब हो गया। चालक ने ट्रेन को आगे बढ़ाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

इसके बाद रेलवे अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। ट्रेन के बीच रास्ते में खड़े होने से पीछे आ रही ट्रेनों का संचालन भी प्रभावित हो गया। स्पेशल ट्रेन के पीछे आ रही पंजाब मेल को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया। वहीं जनता एक्सप्रेस को रोजा स्टेशन पर खड़ा कराया गया। इसके अलावा अन्य ट्रेनों को भी रास्ते में अलग-अलग स्टेशनों पर रोकना पड़ा। अचानक ट्रेनों के रुकने से यात्रियों को अपनी मंजिल तक पहुंचने में देरी हुई।

एम्स अवंतीपोरा में ओपीडी सेवाएं दिसंबर से पहले संभव: जेपी नड्डा



नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर स्थित एम्स अवंतीपोरा के कामकाज की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि वहां बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) सेवाएं दिसंबर से पहले शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, आंतरिक रोगी विभाग (आईपीडी) सेवाएं जुलाई 2027 में शुरू करने का प्रस्ताव है। वहीं एमबीबीएस की कक्षाएं 2027-28 शैक्षणिक सत्र से शुरू होने की उम्मीद है। नड्डा ने संस्थान में चुनियादी ढांचे की स्थिति, चिकित्सा उपकरणों और फर्नीचर की खरीद, फैकल्टी व अन्य कर्मचारियों की भर्ती, और चिकित्सा व शैक्षणिक गतिविधियों को शुरू करने की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित एजेंसियों को मार्च 2027 तक निर्माण कार्य पूरा करने और संस्थान को जल्द चालू करने के लिए खरीद व भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया।

महत्वपूर्ण सूचना

रक्षा लेखा विभाग
(रक्षा मंत्रालय) भारत सरकार

सभी रक्षा पेंशन भोगियों को सूचित किया जाता है कि निम्न लिखित कार्यालय परिसर में 01 नवम्बर से 30 नवम्बर 2026 तक जीवन प्रमाण हेतु "Nation-Wide Digital Life Certificate Campaign 5.0" का आयोजन किया जा रहा है। अतः सभी रक्षा पेंशन भोगी अपना वार्षिक पहचान करवायें।

1. रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (आर एंड डी), वेस्ट ब्लॉक - 5, आर के पुरम, सेक्टर-01, नई दिल्ली-66
2. सार्थी सेवा केंद्र, लाल किला, दिल्ली-06

दूरभाष नं.: 011-23860343

पश्चिम मध्य रेल

वाणिज्य विभाग जबलपुर मंडल

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निविदा ई-बोली आमंत्रित करता है। सभी लॉट के लिये Category : पार्सल, सभी लॉट के लिये Catalogue No.: JBP-PLS-26-11, सभी लॉट के लिये Assets Details: पार्सल लीज रियर एस एल आर तीन वर्षों के लिए।

Lot No.	Auction Start	Auction End
11447-SLR-R1-JBP-HWH-26-1	18.11.2026, 13:00hrs	18.11.2026, 13:30hrs
12121-SLR-R1-JBP-NZM-26-1	18.11.2026, 13:10hrs	18.11.2026, 13:40hrs
20162-SLR-F1-JBP-PUNE-26-1	18.11.2026, 13:20hrs	18.11.2026, 13:50hrs
12186-SLR-F1-REWA-RKMP-26-1	18.11.2026, 13:30hrs	18.11.2026, 14:00hrs
12194-SLR-F1-JBP-YPR-26-1	18.11.2026, 13:40hrs	18.11.2026, 14:10hrs
11705-SLR-F1-JBP-REWA-26-1	18.11.2026, 13:50hrs	18.11.2026, 14:20hrs

संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction Leasinge, मॉडयूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध है। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

aditya
CP PLUS
Intelligent Security Systems

आदित्य इन्फोटेक लिमिटेड

SMART AI
CCTV
SOLUTIONS

POWERED BY
ctc TECHNOLOGY
CP PLUS TRUSTED CORE TECHNOLOGY

upar wala sab dekh raha hai

पंजीकृत कार्यालय: एफ-28, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, नई दिल्ली-110020, दिल्ली, भारत
कॉर्पोरेट कार्यालय: खेमका टावर, 12ए, सेक्टर 135, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 201301
टेलीफोन: +91 120 4555 666, कॉर्पोरेट पहचान संख्या: L74899DL1995PLC066784, वेबसाइट: www.adityagroup.com

30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का विवरण

कंपनी के निदेशक मंडल ने 5 नवंबर, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में 30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के कंपनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) ("वित्तीय परिणाम") को स्वीकृति दे दी है।

सीमित समीक्षा रिपोर्ट के साथ अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम, कंपनी की वेबसाइट – www.adityagroup.com, और स्टॉक एक्सचेंज – बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों – क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com पर होस्ट किए गए हैं। क्यूआर कोड को स्कैन करके इसे एक्सेस किया जा सकता है।

नोटः उपरोक्त सूचना सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के साथ पठित विनियम 47(1) के अनुसार है।

बोर्ड के लिए और उनकी ओर से
आदित्य इन्फोटेक लिमिटेड
हस्ता./–
आदित्य खेमका
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00514552

स्थानः नोएडा
दिनांकः 5 नवंबर, 2026

खबर कोना



चेन्नई में डब्लूटीए 250 टेनिस टूर्नामेंट के राउंड आफ 16 में स्विट्जरलैंड की सिमोना वाल्टेर्ट इटली की तुक्रेटिया स्टेफानिनी के खिलाफ शाट खेलती हुई।

मालवीय को रजत, 2028 लास एंजिलिस ओलंपिक कोटा जीता

दोहा, 5 नवंबर (भाषा)।

भारतीय निशानेबाज जयंतल मालवीय ने गुरुवार को आइएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एअर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता और देश को 2028 लास एंजिलिस ओलंपिक के लिए निशानेबाजी में पहला कोटा दिलाया। मालवीय ने आठ निशानेबाजों के बीच हुए फाइनल में 242.2 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया और देश के लिए लास एंजिलिस ओलंपिक का पहला कोटा सुनिश्चित किया। चीन के काई हू ने 243.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि चेक गणराज्य के जिंद्रिच डुबोवी ने 220.9 अंक के साथ कांस्य अपने नाम किया।

पुर्तगाल के दिग्गज खिलाड़ी रोनाल्डो का अंतरराष्ट्रीय फुटबाल से संन्यास

यूरोपीय चैंपियनशिप खिताब व सर्वाधिक गोल करने का रिकार्ड दर्ज

लिस्बन, 5 नवंबर (एपी)।

दिग्गज फुटबाल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय फुटबाल से संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि वह अब पुर्तगाल के लिए नहीं खेलेंगे। रोनाल्डो ने छह फीफा विश्व कप में हिस्सा लिया, यूरोपीय चैंपियनशिप खिताब जीता और अंतरराष्ट्रीय फुटबाल में सर्वाधिक गोल करने का पुरुष खिलाड़ियों का विश्व रिकार्ड अपने नाम किया। उनके शानदार करिअर का आगाज यूरो 2004 से कुछ समय पहले हुआ और यह दो दशक से अधिक समय तक चला। उनके शानदार करिअर का अंत निराशाजनक अंदाज में हुआ। कोच जार्ज जीसस के साथ मतभेद के बाद उन्होंने राष्ट्रीय टीम से दूरी बना ली।

41 वर्षीय महान खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर जारी एक लंबे वीडियो संदेश में कहा, पुर्तगाल के लोगों, वह दिन आ गया है, जब मैं अपनी राष्ट्रीय टीम की सात नंबर की जर्सी वापस सौंप रहा हूं। उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं माना कि यह जर्सी सिर्फ मेरी थी, लेकिन 23 वर्षों तक इसे पहनने, इसकी गरिमा बनाए रखने और दुनिया भर के स्टेडियमों में इसे अपने साथ लेकर उतरने का सौभाग्य और जिम्मेदारी मुझे मिली।

उन्होंने कहा, आज इसे आने वाली पीढ़ी को सौंपने का समय आ गया है। यह फैसला लेना आसान नहीं था, क्योंकि कुछ फैसले सिर्फ दिमाग से नहीं लिए जाते, बल्कि उनमें दिल की भी भूमिका होती है। अगस्त 2003 में शुरू हुआ सफर, जिसने मेरी जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी, अब समाप्त हो गया है। उनके लंबे समय के समकालीन लियोनेल मेसी ने पिछले महीने अर्जेंटीना के लिए विदाई मैच खेलने के बाद अपना अंतरराष्ट्रीय करिअर समाप्त किया।

घोषणा



फाइल फोटो।

रोनाल्डो का पुर्तगाल के लिए आखिरी मुकाबला 24 सितंबर को वेल्स के खिलाफ रहा। नेशंस लीग के इस मैच में पुर्तगाल ने 1-0 से जीत दर्ज की थी। इसके बाद जीसस ने अगले मैच में रोनाल्डो को शुरुआती एकादश में जगह नहीं दी। उन्होंने यह भी कहा कि अगले मुकाबले में भी रोनाल्डो को शुरुआत से खिलाने की उनकी योजना नहीं है।

रोनाल्डो का पुर्तगाल के लिए आखिरी मुकाबला 24 सितंबर को वेल्स के खिलाफ रहा।

नेशंस लीग के इस मैच में पुर्तगाल ने 1-0 से जीत दर्ज की थी। इसके बाद जीसस ने अगले मैच में रोनाल्डो को शुरुआती एकादश में जगह नहीं दी। उन्होंने यह भी कहा कि अगले मुकाबले में भी रोनाल्डो को शुरुआत से खिलाने की उनकी योजना नहीं है। इसके बाद रोनाल्डो ने टीम का शिविर छोड़ने का फैसला किया।



मोहाली: जापान को हराने के बाद ट्राफी के साथ जश्न मनाती भारतीय पुरुष टीम।

हाकी

आपके संघर्षों और उपलब्धियों से प्रेरणा मिलती है : प्रधानमंत्री



नई दिल्ली में एशियाई पैरा खेल के पदक विजेताओं से भेंट करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

जनसत्ता खेल
नई दिल्ली, 5 नवंबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एशियाई पैरा खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों से मुलाकात की और कहा कि उनके संघर्षों और उपलब्धियों से पूरे देश को प्रेरणा मिलती है। भारत ने पिछले महीने आइची नागोया में हुए एशियाई पैरा खेलों में 30 स्वर्ण, 35 रजत और 49 कांस्य समेत 114 पदक जीते।

खेलमंत्री मनसुख मांडविया और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे भी इस मौके पर मौजूद थे। दो स्वर्ण पदक जीतने वाली भुजाहीन तीरंदाज शीतल देवी और दृष्टिबाधित फर्राटा धाविका सिमरन भी समारोह में उपस्थित थीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपके संघर्षों और उपलब्धियों से हर भारतीय को प्रेरणा मिलती है। पहले माता पिता बच्चों को खेलों में करिअर बनाने में सहयोग करने में डरते थे। लोग कहते थे कि इस व्यवस्था का कुछ नहीं हो सकता जो प्रतिभा का सहयोग नहीं करती लेकिन जैसे आपने हार नहीं मानी, हम भी अपने लक्ष्य पर डटे रहे। उन्होंने कहा कि हमने तय किया कि हमारे युवाओं की प्रतिभा व्यर्थ नहीं जाएगी। जिस व्यवस्था ने आपकी प्रगति में बाधा पहुंचाई, हमने उस व्यवस्था को बदलने का फैसला किया। अगर आज युवा को अपनी प्रतिभा पर भरोसा है तो उसे यह भी विश्वास है कि देश उसके साथ खड़ा है। मोदी ने कहा कि भारत का प्रदर्शन उन खेलों में भी बेहतर हो रहा है, जिनमें अतीत में हम उतने प्रतिस्पर्धी नहीं थे। उन्होंने कहा कि जिन खेलों में पहले भारत का प्रतिनिधित्व सीमित था, हम उनमें मजबूत हो रहे हैं।

तीरंदाजी, एथलेटिक्स, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, जूडो, पावरलिफ्टिंग जैसे कई खेलों में हमने प्रतिभाओं को तलाशा है।

हाकी : भारत ने एशियाई चैंपियंस ट्राफी का खिताब जीता

जापान को 4-1 से हराया

मोहाली, 5 नवंबर (भाषा)।

मौजूदा विजेता भारत ने गुरुवार को पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्राफी हाकी टूर्नामेंट के फाइनल में जापान को 4-1 से हराकर खिताबों की हैट्रिक पूरी की और कुल छठी बार यह ट्राफी अपने नाम की। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम इससे पहले 2011, 2016, 2018, 2023 और 2024 में भी यह टूर्नामेंट जीत चुकी है।

जापान ने तीसरे ही मिनट में काजुमासा मात्सुमोतो के मैदानी गोल की मदद से भारतीय टीम को चौंका दिया। इसके बाद भारत ने लय हासिल की। शिलानंद लाकड़ा (42वें मिनट) ने पेनल्टी कार्नर से, दिलप्रीत सिंह (48वें मिनट) ने मैदानी गोल और जुगराज ने 53वें मिनट में ह्वासेट-पीसह्व के जरिए गोल किए। विवेक सागर प्रसाद ने 54वें मिनट में गोल करके घरेलू टीम के लिए स्कोर 4-1 कर दिया। भारत ने इससे पहले जालंधर के ओलंपियन सुरजीत सिंह स्टेडियम में टूर्नामेंट के राउंड-राबिन चरण में भी जापान को 4-1 से हराया था। लेकिन गुरुवार को जापान ने पहले दो क्वार्टर में भारत को कड़ी टक्कर दी। हालांकि दूसरे हाफ में घरेलू टीम ने जोरदार वापसी की।

भारत ने अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन तीसरे ही मिनट में जापान ने मात्सुमोतो के गोल से बढ़त बना ली। मात्सुमोतो ने टोमाहाक शाट से गोल करके ओलंपियन बलबीर सिंह स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को हैरान कर दिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने तेजी दिखाई और कुछ मौके भी बनाए, लेकिन वे उन्हें गोल में बदलने में नाकाम रहे।

aditya
CP PLUS
Intelligent Security Systems

आदित्य इन्फोटेक लिमिटेड

SMART AI
CCTV
SOLUTIONS

POWERED BY
ctc
TECHNOLOGY
CP PLUS TRUSTED CORE TECHNOLOGY



upar wala sab dekh raha hai

पंजीकृत कार्यालय: एफ-28, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, नई दिल्ली-110020, दिल्ली, भारत
कॉर्पोरेट कार्यालय: खेमका टावर, 12ए, सेक्टर 135, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 201301
टेलीफोन: +91 120 4555 666, कॉर्पोरेट पहचान संख्या: L74899DL1995PLC066784, वेबसाइट: www.adityagroup.com

30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का विवरण

कंपनी के निदेशक मंडल ने 5 नवंबर, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में 30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के कंपनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) ("वित्तीय परिणाम") को स्वीकृति दे दी है।

सीमित समीक्षा रिपोर्ट के साथ अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम, कंपनी की वेबसाइट – www.adityagroup.com, और स्टॉक एक्सचेंज – बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों – क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com पर होस्ट किए गए हैं। क्यूआर कोड को स्कैन करके इसे एक्सेस किया जा सकता है।

नोट: उपरोक्त सूचना सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के साथ पठित विनियम 47(1) के अनुसार है।

बोर्ड के लिए और उनकी ओर से
आदित्य इन्फोटेक लिमिटेड
हस्ता./-
आदित्य खेमका
प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00514552

स्थान: नोएडा
दिनांक: 5 नवंबर, 2026

एनबीसीसी NBCC
नवरत्न सीपीएसई

आवासन | वाणिज्यिक | अवसंरचना | शिक्षा | स्वास्थ्य सेवा | सौर ऊर्जा | परिवहन | सिंचाई | सड़कें | पेयजलापूर्ति | विरासत | उड्डयन

उपलब्धियों का निर्माण, रचते हैं नए प्रतिमान



विकसित भारत के लिए, सदैव

30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही और छह महीने के लिए, एकल और समेकित लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम।

	एकल (Q2 2026-27)	समेकित (Q2 2026-27)
राजस्व	₹ 2889.62 करोड़ ↑ 37.78%	₹ 3395.78 करोड़ ↑ 16.54%
एबिटडा	₹ 219.03 करोड़ ↑ 153.98%	₹ 225.16 करोड़ ↑ 115.28%
पीएटी	₹ 225.24 करोड़ ↑ 30.54%	₹ 209.85 करोड़ ↑ 33.93%

प्रति शेयर 0.25 रुपये का लाभांश घोषित किया गया, जो कुल मिलाकर 67.5 करोड़ रुपये है।

सेबी (एल ओ डी आर) विनियम, 2015 के विनियम 47 के अनुसार परिणामों को निम्नलिखित लिंक के माध्यम से या क्यू आर कोड को स्कैन कर के देखा जा सकता है:
https://nbccindia.in/pdfData/investorAnnouncements/Intimationoutcomeboardmeeting_05-11-2026.pdf

एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड बोर्ड की ओर से
हस्ता./-
(डॉ के. पी. महादेवास्वामी)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
(डीआईएन: 10041435)
दिनांक: 5 नवंबर, 2026 | स्थान: नई दिल्ली

एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: एनबीसीसी भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003,
सीआईएन- L74899DL1960GOI003335

www.nbccindia.in | NBCC India Limited | NBCC (India) Limited | @OfficialNBCC | NBCC (India) Limited

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 43, अंक 353
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए रमेश चंदर मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेनजीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोन: (0120) 2470700/2470740, ई-मेल: edit.jansatta@expressindia.com,
बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादक: मुकेश भारद्वाज*, *पीआरपी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइट: दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

Tel: 0124 - 4518900
E-mail: investors@sandhar.in
Website: www.sandhargroup.com

SANDHAR TECHNOLOGIES LIMITED
CIN: L74999DL1987PLC029553
Regd. Office: B - 6/20, L.S.C. Safdarjung Enclave, New Delhi - 110029

SANDHAR
Growth. Motivation. Better Life



EXTRACT OF CONSOLIDATED AND STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND SIX MONTHS ENDED 30 SEPTEMBER 2026

Sr. No.	PARTICULARS	Consolidated (₹ in crores, except earnings per share)				Standalone (₹ in crores, except earnings per share)			
		Quarter Ended		Six Months Ended	Year Ended	Quarter Ended		Six Months Ended	Year Ended
		30 September 2026	30 September 2025	30 September 2026	31 March 2026	30 September 2026	30 September 2025	30 September 2026	31 March 2026
		Un-audited	Un-audited	Un-audited	Audited	Un-audited	Un-audited	Un-audited	Audited
1	Revenue from Operations	1,617.68	1,270.37	2,999.57	4,852.09	792.14	805.03	1,458.10	3,044.44
2	Net Profit for the period (before tax, exceptional items and share of profit in joint ventures)	73.17	94.30	122.97	250.85	52.99	94.70	94.88	232.95
3	Net Profit for the period (before tax after exceptional items and share of profit in joint ventures)	74.31	95.68	125.45	255.75	52.99	94.70	94.88	231.17
4	Net Profit for the period (after tax, exceptional items and share of profit in joint ventures)	56.03	73.38	93.31	198.66	38.89	74.58	69.50	179.11
5	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income/ (Loss) after Tax)	57.73	78.27	94.32	214.89	39.33	79.05	69.00	185.99
6	Equity Share Capital	60.19	60.19	60.19	60.19	60.19	60.19	60.19	60.19
7	Other Equity				1,272.94				1,251.29
8	Earnings Per Share (Face value of ₹ 10/- per share) (not annualised for quarter/ half year)								
	1. Basic (₹):	9.31	12.19	15.50	33.00	6.46	12.39	11.55	29.76
	2. Diluted (₹):	9.31	12.19	15.50	33.00	6.46	12.39	11.55	29.76

Note:

a) The above is an extract of the detailed format of Quarter and Six months ended 30 September 2026 of Consolidated and Standalone Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarter and Six months ended Financial Results are available on the websites of the BSE and NSE at www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively and on Company's website at www.sandhargroup.com.

For Sandhar Technologies Limited
JAYANT DAVAR
Executive Chairman (Executive Director) and Chief Executive Officer
DIN:00100801

Place: Gurugram
Date : 5 November 2026

aditya
CP PLUS
Intelligent Security Systems

आदित्य इन्फोटेक लिमिटेड

SMART AI
CCTV
SOLUTIONS
POWERED BY
ctc TECHNOLOGY
CP PLUS TRUSTED CORE TECHNOLOGY



upar wala sab dekh raha hai

पंजीकृत कार्यालय: एफ–28, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज–1, नई दिल्ली–110020, दिल्ली, भारत
कॉर्पोरेट कार्यालय: खेमका टावर, 12ए, सेक्टर 135, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश – 201301
टेलीफोन: +91 120 4555 666, कॉर्पोरेट पहचान संख्या: L74899DL1995PLC066784, वेबसाइट: www.adityagroup.com

30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का विवरण

कंपनी के निदेशक मंडल ने 5 नवंबर, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में 30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही और छमाही के कंपनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) (**"वित्तीय परिणाम"**) को स्वीकृति दे दी है।

सीमित समीक्षा रिपोर्ट के साथ अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम, कंपनी की वेबसाइट – **www.adityagroup.com**, और स्टॉक एक्सचेंज – बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों – क्रमशः **www.bseindia.com** और **www.nseindia.com** पर होस्ट किए गए हैं। क्यूआर कोड को स्कैन करके इसे एक्सेस किया जा सकता है।

नोट: उपरोक्त सूचना सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के साथ पठित विनियम 47(1) के अनुसार है।

बोर्ड के लिए और उनकी ओर से
आदित्य इन्फोटेक लिमिटेड
हस्ता./–
आदित्य खेमका
प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00514552

स्थान: नोएडा
दिनांक: 5 नवंबर, 2026

PEARL GLOBAL
Exceeding Expectations....Always

PEARL GLOBAL INDUSTRIES LIMITED

(CIN: L74899HR1989PLC140150)
Regd. and Corp. Office: Pearl Tower, Plot No. 51, Sector- 32, Gurugram - 122 001, Haryana
Tel: 0124-4651000, **E-mail:** investor.pgil@pearlglobal.com; **Website:** www.pearlglobal.com

EXTRACT OF CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2026

(Rs. in Lakhs except earning per share data)

S. No.	Particulars	Quarter Ended 30.09.2026 (Unaudited)	Quarter Ended 30.06.2026 (Unaudited)	Quarter Ended 30.09.2025 (Unaudited)	Half Year Ended 30.09.2026 (Unaudited)	Half Year Ended 30.09.2025 (Unaudited)	Year Ended 31.03.2026 (Audited)
1	Total income from operations	1,81,138.07	1,53,897.45	1,32,107.57	3,35,035.52	2,56,029.48	5,06,173.12
2	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax,Exceptional and/or Extraordinary items*)	13,660.44	12,229.35	7,935.50	25,889.79	15,600.33	31,053.46
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items*)	13,477.00	11,956.60	7,937.48	25,433.60	15,570.35	30,930.38
4	Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items*)	12,575.85	9,923.43	7,197.16	22,499.28	13,753.10	27,002.83
5	Total Comprehensive Income for the period(Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)	14,513.30	10,049.37	10,314.40	24,562.67	15,880.44	34,667.88
6	Equity Share Capital	4,619.05	2,309.21	2,298.94	4,619.05	2,298.94	2,307.30
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	-	-	-	-	-	1,43,674.18
8.	Earning Per Share (of Rs. 5/- each) (not annualised)						
	Basic	13.62	10.89	7.98	24.50	15.36	30.17
	Diluted	13.50	10.86	7.92	24.31	15.15	30.08

(*) Exceptional and/or Extraordinary items adjusted in the Statement of Profit & Loss in accordance with Ind AS Rules.

Notes:

(1) The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Half yearly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations,2015. The full format of the Quarterly/Half yearly Financial Results (both Consolidated & Standalone) are available on the Company's website at www.pearlglobal.com, besides the websites of BSE Ltd. and National Stock Exchange of India Ltd.

(2) The above Financial Results were reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of the Directors of company at their meetings held on November 5, 2026. The Financial Results for the quarter and half year ended September 30, 2026 have been reviewed by the Statutory Auditors of the Company.

(3) Additional information on standalone financial results pursant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015:

(Rs. in Lakhs)

S. No.	Particulars	Quarter Ended 30.09.2026 (Unaudited)	Quarter Ended 30.06.2026 (Unaudited)	Quarter Ended 30.09.2025 (Unaudited)	Half Year Ended 30.09.2026 (Unaudited)	Half Year Ended 30.09.2025 (Unaudited)	Year Ended 31.03.2026 (Audited)
(a)	Turnover	30,836.51	33,960.89	26,403.86	64,797.40	53,069.60	1,08,128.83
(b)	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items	1,604.14	1,731.72	1,498.73	3,335.86	4,320.76	7,791.64
(c)	Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)	1,668.76	1,544.37	836.65	3,213.13	3,534.27	6,743.21

By order of the Board
For **Pearl Global Industries Limited**
Sd/-
(Pallab Banerjee)
Managing Director
DIN 07193749

Place : New York, USA
Dated : November 5, 2026

दि हाई-टेक गियर्स लिमिटेड

CIN: L29130HR1986PLC081555
पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 24,25,26, आईएमटी मानेसर, सेक्टर-7, गुरुग्राम-122050, हरियाणा
कार्पो. कार्यालय : मिलेनियम प्लाज़ा, टावर-बी, सुशान्त लोक-I, सेक्टर-27, गुरुग्राम -122002, हरियाणा
फोन : + 91(124) 4715100
वेबसाइट : www.thehitechgears.com, ई-मेल : secretarial@thehitechgears.com

सितम्बर 30, 2026 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध–वर्ष हेतु अनंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण

(रू. मिलियन में, सिवाय प्रति शेयर डेटा)

क्र. सं.	विवरण	तिमाही समाप्त	तिमाही समाप्त	अर्द्ध वर्ष समाप्त	अर्द्ध वर्ष समाप्त
		30/09/2026 (अनंकेक्षित)	30/09/2025 (अनंकेक्षित)	30/09/2026 (अनंकेक्षित)	30/09/2025 (अनंकेक्षित)
1.	परिचालन से कुल आय	2,849.85	2,407.38	5,226.73	4,562.85
2.	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले)	151.34	95.95	215.20	201.06
3.	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद)	151.34	95.95	215.20	201.06
4.	अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद)	106.97	60.14	154.55	120.12
5.	अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है)]	140.40	102.77	145.06	242.79
6.	इक्विटी शेयर पूंजी	188.20	187.93	188.20	187.93
7.	संचेय/अन्य इक्विटी जैसाकि पिछले वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है				
8.	प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी तथा बंद प्रचालनों हेतु) – (वार्षिककृत नहीं)				
	(क) मूल (रू. में) :	5.69	3.20	8.22	6.39
	(ख) तनुकृत (रू. में) :	5.68	3.19	8.21	6.38

नोट्स :-

1) उपरोक्त अनंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों की समीक्षा अंकेक्षण समिति द्वारा नवम्बर 04, 2026 को सम्पन्न उसकी बैठक में की गई है और उसके बाद निदेशक मंडल द्वारा नवम्बर 04, 2026 को सम्पन्न उसकी बैठक में अनुमोदन किया गया है। कम्पनी के सांविधिक अंकेक्षकों द्वारा सीमित पुनरीक्षण किया गया है।

2) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए सितम्बर 30, 2026 को समाप्त तिमाही तथा अर्द्ध–वर्ष हेतु समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है।

3) कंपनी की प्रमुख एकल वित्तीय जानकारी निम्नानुसार दी गई है :

(रू. मिलियन में)

विवरण	तिमाही समाप्त	तिमाही समाप्त	अर्द्ध वर्ष समाप्त	अर्द्ध वर्ष समाप्त
	30/09/2026 (अनंकेक्षित)	30/09/2025 (अनंकेक्षित)	30/09/2026 (अनंकेक्षित)	30/09/2025 (अनंकेक्षित)
परिचालन से आय और अन्य आय	2,128.22	1,765.53	3,841.53	3,396.14
कर पूर्व लाभ/(हानि)	156.62	114.92	241.98	243.95
कर पश्चात लाभ/(हानि)	115.68	79.81	178.08	173.73

4) सितम्बर 30, 2026 को समाप्त तिमाही तथा अर्द्ध–वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्जेज की वेबसाइट (www.nseindia.com एवं www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.thehitechgears.com) पर उपलब्ध है। यह नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके भी देखा जा सकता है।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
दि हाई-टेक गियर्स लिमिटेड
हस्ता./
दीप कपूरिया
कार्यकारी अध्यक्ष
(DIN: 00006185)

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : नवम्बर 04, 2026